# सांई महाविद्यालय सेक्टर–6, भिलाई
## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
## वार्षिक प्रतिवेदन
## सत्र 2016–17

सांई महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाई में सन् 2008 से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित हो रही है। इस इकाई हेतु कुल 100 छात्र/छात्राओं की संख्या प्राप्त है। इस योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है जिसमें सत्र 2016–17 में कुल 128 स्वयं सेवकों का पंजीयन किया गया। महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती ममता सिंह एवं प्राचार्य डॉ. डी.बी. तिवारी के संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विमल कुमार के निर्देशन में समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

प्राथमिकता– स्वच्छता, शिक्षा एवं नशा मुक्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए ग्रामों में शिविर, नुक्कड़ नाट्य एवं विविध रैलियां आयोजित किए गए।

महाविद्यालय में इस योजना को संचालित करने का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास, स्वयं सेवकों में सामाजिक दायित्व का निर्वाह सामाजिक समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना। समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों में नैतिक शिक्षा एवं नेतृत्व गुणों का विकास करना आदि।

सत्र 2016–17 में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य –

1 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें स्वयं सेवकों के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में संलग्न स्वतंत्रता संग्रामियों को याद किया गया। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

2 19 अगस्त 2016 को महाविद्यालय परिसर एवं आस–पास की सड़कों के किनारों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छायादार, फलदार एवं औषधी युक्त पौधें रोपित किए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में 70 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



3 5 सितम्बर 2016 को स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जन्म दिवस पर छात्रों के साथ मिलकर शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।

4 14 सितम्बर 2016 हिन्दी दिवस पर हिन्दी विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिन्दी दिवस कार्यक्रम में 57 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




5 24 सितम्बर 2016 महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति में माल्यार्पण किया गया। छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र जीवन में भूमिका एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई। स्थापना दिवस कार्यक्रम में 74 स्वयं सेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



6 2 अक्टूबर 2016 को स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के अंर्तगत लाइब्रेरी, क्लास रूम एवं लैब की साफ–सफाई की गई। स्वच्छता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में 42 छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।



7 15 अक्टूबर 2016 को हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। लोगों को हाथ धुलाकर हाथ धोने के तरीके एवं हाथों की सफाई से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 43 स्वयं सेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




8 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2016 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कुथरेल दुर्ग में किया गया। जिसमें 55 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।

9 31 अक्टूबर 2016 को सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर एकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 45 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।




10 1 दिसंबर 2016 को महाविद्यालय प्रांगण में एड्स जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों के द्वारा रेड रिबन लगाकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर ई–मार्केट एवं तेलुगु पारा होते हुए पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली के दौरान संयम और सुरक्षा, एड्स से रक्षा के नारे लगाकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में 90 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




11 8 दिसंबर 2016 को दुर्ग विश्वविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं 13 स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी दी और 8 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।




12 29 दिसंबर 2016 को कैशलेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय प्रबंधक के द्वारा यू.पी.आई. ऑनलाईन पेमेण्ट एवं मोबाईल एप्लीकेशन की जानकारी दी गई।




13 12 जनवरी 2017 को महाविद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा स्वामी जी की स्मृति में माल्यार्पण किया गया और स्वयंसेवकों को स्वामी जी के आदर्शों को अपनाने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया।



14 26 जनवरी 2017 को महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोपण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। छात्र –छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में 64 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



15 28 जनवरी 2017 को कलेक्टरेट दुर्ग जिला के द्वारा बी.आई.टी. दुर्ग के सभागार में यू.पी.एस.सी. कार्यशाला में भी स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी दी।




16 1 फरवरी 2017 को महाविद्यालय में बसंत पंचमी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उक्त कार्यक्रम में 13 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



17 13 फरवरी 2017 को महाविद्यालय में प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त ‘बी’ एवं ‘सी’ प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 48 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।

